आईआईएम में मनी गांधी जयंती

रांची। आईआईएम, रांची में मंगलवार को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई गई। साथ ही, स्वच्छता सप्ताह का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह मौजूद थे।

उन्होंने स्वदेशी, प्राथमिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, लघु उद्यमों के महत्व, स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और व्यक्तिगत स्वच्छता पर गांधी के दृष्टिकोण का उल्लेख किया। डॉ सिंह ने महात्मा गांधी के सात सामाजिक संवेदनाओं- सिद्धांत के बिना राजनीति, विवेक के बिना खुशी, बिना काम के धन, मानवता बिना विज्ञान, नैतिकता बिना वाणिज्य, यज्ञ बिना पूजा, चरित्रविहीन शिक्षा, का जिक्र किया। छात्रों से स्वच्छता, सिंगल प्लास्टिक यूज खत्म करने व जल प्रबंधन की अपील की। मौके पर छात्रों ने आईआईएम के गोद लिये गांव में किए काम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। **(प्रसं.)**

Hindustan, 03.10.2019, Pg. 02 (Supl.)